फा.सं. 13-07/2019-20/सा.प्र.
राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान
(यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत मानित विश्वविद्यालय)
17-बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली-110016

4 सितंबर 2023

परिपत्र

विषय: चंद्रयान उत्सव।

जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने इतिहास रच दिया है क्योंकि हमारा चंद्रयान-3 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी-ध्रुव क्षेत्र पर उतरने वाला पहला देश बन गया।

इस कार्यक्रम को मनाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एक मेगा टाउन हॉल का आयोजन किया जाएगा। माननीय प्रधान मंत्री इस टाउन हॉल को संबोधित करेंगे। टाउन हॉल के लिए संभावित तिथि 4,5, या 6 सितंबर 2023 होगी। कार्यक्रम का प्रसारण यूजीसी से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार लेक्चर हॉल नंबर 113, 212 और 333 (उपलब्धता के आधार पर) में किया जाएगा, जिसके बारे में समयानुसार आपको सूचित कर दिया जाएगा।

इसके अलावा, सभी शोधार्थियों, छात्रों और परियोजना कर्मचारियों से अनुरोध किया जाता है कि वे 'चंद्रमा पर भारत', 'चंद्रमा पर नया भारत', 'चंद्रमा दूर नहीं है', 'चंद्रमा की नई यात्रा' 'आत्मनिर्भर भारत का चंद्रयान' आदि जैसे विषयों पर लघु नाटक/फिल्में/रेखाचित्र तैयार करें और इसे 5 सितंबर, 2023 को शाम 04.00 बजे तक जमा करा दें।

सभी संकाय, कर्मचारी (नियमित और परियोजना) और शोधार्थियों से अनुरोध है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का साक्षी बनने के लिए, जैसा कि ऊपर बताया गया है, कार्यक्रम में भाग लें।

रवि 4/9/23

(रवि प्रकाश सिंह)
प्रशासनिक अधिकारी (प्रभारी)

प्रति:
सभी संकाय/कर्मचारी (नियमित एवं परियोजना)/शोधार्थी

प्रतिलिपि:

1. कुलपति के वरिष्ठ निजी सचिव- सूचनार्थ
2. कुलसचिव के निजी सहायक- सूचनार्थ
3. प्रशासनिक अधिकारी के निजी सहायक- रिकार्ड हेतु
4. सभी सूचना पट्ट
5. सिस्टम एनालिस्ट- नीपा वेबसाइट - स्टाफ कॉर्नर पर परिपत्र अपलोड करने के लिए
6. आईक्यूएसी समन्वयक